**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**27.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**प्रधानमंत्री–वेबिनार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन का विस्तार करने के साथ देश सुधार की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही। –––बाईट–पीएम––वेबीनार 26–

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय बजट कोई अल्पकालिक व्यापारिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह एक नीतिगत रूपरेखा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के लिए 11 साल पहले बजट केवल दो लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, लेकिन नवीनतम केंद्रीय बजट में यह राशि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वेबिनार को केवल विचारों के आदान–प्रदान का मंच नहीं बनाना चाहिए, बल्कि इसे मंथन सत्र में बदलना चाहिए।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला में भारत में कर सुधार–चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात विशेषकर उदारीकरण के बाद भारत की कर प्रणाली में व्यापक सुधार किए गए हैं। राज्यपाल ने कहा कि हाल ही के वर्षों में प्रशासन के डिजिटलीकरण, फेसलैस एसेस्मेंट, ऑनलाइन अपील, सरल रिटर्न प्रकिया और करदाता चार्टर जैसी पहलों से पारदर्शिता बढ़ी है और कर दाताओं का विश्वास सुदृढ़ होता है। शिवप्रताप शुक्ल ने कहा कि कर व्यवस्था न्यायसंगत, संतुलित व लोक कल्याणकारी होनी चाहिए ताकि नागरिकों पर अनावश्यक बोझ न पड़े।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के आई जी एम सी अस्पताल में थ्री टेस्ला एम.आर.आई मशीन का लोकार्पण किया जिससे मरीजों को आने वाले समय में काफी लाभ होगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अगले एक वर्ष के भीतर सभी मेडिकल कॉलेजों में हाई एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी स्थापित कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 54 हजार करोड आरडीजी और 16 हजार जी एस टी कंपनसेशन मिलने के बावजूद भी पूर्व की जयराम सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए काम नहीं किया।

**सुक्खू**

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज हमीरपुर जिला के जसकोट में 18 करोड़ रूपए की लागत से निर्माणाधीन हेलीपोर्ट और एक सौ 23 करोड़ रूपए की लागत से बन रहे बस अड्डा हमीरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेलीपोर्ट का निर्माण कार्य इस वर्ष मई माह तक पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों परियोजनाओं का कार्य तेजी से चल रहा है और इनका निर्माण कार्य तय समय के भीतर पूरा किया जाएगा ताकि जिला के लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके।

**चंद्र कुमार**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि खेती के कार्यों को सुगम बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। वे आज कांगड़ा जिला के ज्वाली में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य व केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत कांगड़ा जिला में कृषि विभाग के माध्यम से एक हज़ार पांच सौ 95 लाख रूपए खर्च करने का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत किसानों को ट्रेकटर और पॉवर वीडर जैसी कई प्रकार की कृषि मशीनरी, बीजों व कीटनाशकों पर अनुदान दिया जा रहा है।

**एबीवीपी**

प्रदेश में छात्र संघ चुनाव की बहाली व अन्य मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने चंबा में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान एबीवीपी ने जिला प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा। विद्यार्थी परिषद ने केंद्रीय विश्वविद्यालय को स्थायी भवन उपलब्ध करवाने और इसके लिए राज्य सरकार से प्रस्तावित 30 करोड़ की धनराशि जल्द जारी करने की मांग की है। उधर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों के खिलाफ नाहन में आज धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लगातारछात्र विरोधी निर्णय लिए जा रहे है जो न्याय संगत नहीं है।

---